लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण
दिनांक 17.12.2019 पृष्ठ सं 19 कॉलम 5-6

एचएयू में कुलपति ने किया बड़ौदा बैंक की शाखा का शुभारंभ

जासं, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा का सोमवार को शुभारंभ कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बतौर मुख्यातिथि किया। विशिष्ठ अतिथि के तौर पर जोनल मैनेजर एमएल रोहिला उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के रीजनल हेड सत्य प्रकाश एवं डिप्टी रीजनल हेड अंजनी कुमार सिंघल भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। समारोह में प्रो. सिंह ने बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में उपभोक्ताओं की सुविधा की लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में बैकों की अहम भूमिका है।

बैंक शाखा का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. के.पी. सिंह। • एचएयू

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ....अमर उजाला........

दिनांक 17.12.2019 .... पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ....1-2....

एचएयू में बैंक शाखा का शुभारंभ

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा का शुभारंभ कुलपति प्रो. केपी सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के समय में बैंकों की अहम भूमिका है। ग्राहकों की धन की रक्षा बैंक संरक्षक के रूप मे करता है। बैंकों पर विश्वास होने के कारण ही उपभोक्ता अपना कीमती समान व जीवनभर की कमाई बैंकों में रखते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय परिसर में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा खुलने से विश्वविद्यालय के कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को लाभ होगा।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक भास्कर........

दिनांक 17.12.2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 1-2

बैंक ऑफ बडौदा की शाखा के शुभारंभ अवसर पर विचार रखते अतिथि।

ग्राहकों के धन की रक्षा बैंक संरक्षक के रूप में करता है : प्रो. केपी सिंह

एचएयू में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा का शुभारंभ

भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा का शुभारंभ किया गया। शाखा का छात्र और अध्यापक लाभ उठा सकेंगे। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह और विशिष्ट अतिथि जोनल मैनेजर एमएल रोहिला रहे। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के रीजनल हेड सत्य प्रकाश एवं डिप्टी रीजनल हेड अंजनी कुमार सिंघल भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

उद्घाटन समारोह में प्रो. सिंह नें बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में उपभोक्ताओं की सुविधा की लिए की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में बैंकों की अहम भूमिका है। ग्राहकों की धन की रक्षा बैंक संरक्षक के रूप में करता है। बैंकों पर विश्वास होने के कारण ही उपभोक्ता अपना कीमती सामान व जीवनभर की कमाई बैंकों में रखते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय परिसर में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा खुलने से विश्वविद्यालय के कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी पढ़ते हैं तथा यहां से अध्यापक, इत्यादि अंतरराष्ट्रीय भ्रमण के लिए जाते रहते हैं।

इसके लिए बैंक ऑफ बड़ौदा को अंतरराष्ट्रीय खातों का विस्तार करना चाहिए, जिससे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व अध्यापकों को कोई असुविधा न हों। शाखा प्रबन्धक संदीप पुनिया ने बताया कि बैंक शाखा में उपभोक्ताओं को बचत खाता, चालू खाता, फिक्सड डिपॉजिट, डेबिट/क्रेडिट कार्ड के साथ-साथ ऋण, एटीएम, लॉकर आदि सुविधाएं मिलेंगी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक भास्कर........
दिनांक 17.12.2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 4-7

कैमिकल फर्टिलाइजर के प्रयोग से जहरीले होते जा रहे खाद्य पदार्थ, सेहत पर पड़ रहा असर : डॉ. गुप्ता

एचएयू के जैविक उत्कृष्ट केंद्र में जैविक विहार कार्यक्रम का आयोजन, फसलों के बारे में भी जानकारियां

भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू में जैविक विहार कार्यक्रम में फर्टिलाइजर के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में विधायक डॉ. कमल गुप्ता मुख्य अतिथि जबकि उनकी पत्नी प्रतिभा गुप्ता विशिष्ट अतिथि रहीं।

विवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जैविक खेती समय की मांग है। आज के समय में पेस्टिसाइड व कैमिकल फर्टिलाइजर के अधिक व अनावश्यक प्रयोग के कारण खाद्य पदार्थ जहरीले होते जा रहे हैं, जिनसे हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इन कैमिकल्स के दुष्प्रभाव से बचने के लिए विवि ने जैविक उत्कृष्ट केन्द्र की स्थाप ना करके देश के लिए सराहनीय कार्य किया है। कुलपति ने बताया कि जैविक खेती से न केवल पेस्टिसाइड व कैमिकल फर्टिलाइजर के दुष्प्रभाव से बचा जा सकेगा बल्कि जानलेवा बीमारियों से भी बचाव होगा। इसको ध्यान में रखते हुए विवि ने दीनदयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्ट केन्द्र स्थापित किया है। इसमें अन्य फसलों व सब्जियों के अलावा 20 एकड़ क्षेत्र में जैविक फलों की भी खेती की जा रही है। इस जैविक केन्द्र का मुख्य उद्देश्य जैविक खेती की समग्र सिफारिशें विकसित करके किसानों तक पहुंचाना तथा उन्हें जागरूक करना है, ताकि वे रासायनिक खेती से हटकर जैविक खेती से जुड़ें।

एचएयू में में भ्रमण करते विधायक डॉ. कमल गुप्ता व अन्य।

नियंत्रण अधिकारी डॉ. आरके झोरड़ ने बताया कि जैविक उत्कृष्ट केन्द्र में कम पानी में अधिक उत्पादन के लिए प्रयोग में लाई जा रही सिंचाई प्रणाली के संबंध में जानकारी दी। विश्वविद्यालय के ओएसडी डॉ. एमके गर्ग, रजिस्ट्रार डॉ. बीआर कंबोज, अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत, निदेशक एचआरएम डॉ. एमएस मौजूद रहे।